RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 131 • 24:05:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## चिदंबरम बोले-सरकारी नीति की आलोचना विपक्ष का अधिकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने 22 मई को कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस भेजा है। जिसमें निर्देश दिया है कि उनकी पार्टी अग्निवीर योजना जैसे मामलों पर सेना का राजनीतिकरण न करे। इस निर्देश के एक दिन बाद सीनियर कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि चुनाव आयोग



का यह निर्देश गलत है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा– एक नागरिक के तौर पर यह कहना मेरा अधिकार है कि चुनाव आयोग का कांग्रेस को अग्निवीर योजना का राजनीतिकरण न करने का निर्देश देना गलत है। राजनीतिकरण का क्या मतलब है। क्या इसका मतलब आलोचना है। ईसी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी नोटिस भेजा है। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों और स्टार प्रचारकों से अपने भाषण को सही करने, सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा है। कांग्रेस के नेता अपने भाषणों में अग्निवीर स्कीम की बात करते हैं।

## नहीं थम रहा बम की धमकियों का सिलसिला

- दिल्ली के बाद अब बेंगलुरु के होटलों को उड़ाने का ईमेल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के तीन पांच सितारा होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली लेकिन जांच के बाद यह फर्जी निकली। खास बात है कि यह मामला ऐसे समय पर सामने आया है, जब शहर के ही रामेश्वरम ब्लास्ट की जांच जारी है। इसके अलावा एक दिन पहले ही नॉर्थ ब्लॉक को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जो जांच के बाद अफवाह निकली।



पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बेंगलुरु के तीन होटलों को उड़ान की धमकी मिली थी, जिसके बाद जांच में यह फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि होटलों को कथित रूप से ईमेल से धमकी मिली है जिसके बाद व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और धमकी फर्जी साबित हुई। नॉर्थ ब्लॉक को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद अफवाह घोषित कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## अब ताइवान को 'निगलने' की तैयारी कर रहा ड्रैगन!

- चीन की सेनाओं ने शुरू किया 'दंड अभ्यास', भड़केगी आग

**ताइपे (एजेंसी)।** ताइवान में नए राष्ट्रपति के रुप में लाई चिंग–ते के सत्ता में आते ही चीन पूरी तरह से बौखला उठा है। सोमवार को लाई ने ताइवान की कमान संभाली और गुरुवार को ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीनी सेना को ताइवान के चारों लगा दिया। दरअसल चीन की सेना ने बृहस्पतिवार को ताइवान के चारों तरफ दो दिवसीय व्यापक



दंड अभ्यास शुरू किया। इसमें उसकी सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बल भाग ले रहे हैं। यह सैन्य अभ्यास दो दिनों तक चलेगा। इस अभ्यास को जॉइंट सोर्ट 2024 नाम दिया गया है। चीन ने यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया है जब स्व–शासित द्वीप ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग–ते ने देश पर चीन की संप्रभुता के दावे को अस्वीकार किया है। ताइवान एशिया के पूर्वी हिस्से में आता है।

# चुनाव आयोग बूथ वार वोटिंग डेटा देने के खिलाफ

● सुप्रीम कोर्ट में कहा-इसमें बैलेट पेपर के आंकड़े भी होंगे, इससे वोटर्स में भ्रम फैलेगा ● चुनाव आयोग बोला-चुनाव प्रक्रिया को लेकर संदेह पैदा करने का अभियान चल रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने चुनाव के 48 घंटे के भीतर बूथ वार वोटिंग का डेटा सार्वजनिक करने की मांग का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में आयोग ने बुधवार को कहा, फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी। आयोग ने कहा, ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है। फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है। चुनाव आयोग ने कहा, कई बार जीत-हार का अंतर नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर पड़े कुल वोटों और







बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें वोटिंग के 48 घंटे के भीतर सभी बूथ का फाइनल डेटा आयोग के वेबसाइट पर जारी करने की मांग की गई है। एडीआर ने चुनाव आयोग पर लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में वोटिंग पर्सेंट जारी करने में देरी का आरोप लगाया। याचिका में कहा गया कि पहले तो डेटा जारी करने में देरी हुई। इसके बाद शुरुआती डेटा के मुकाबले फाइनल डेटा में वोटिंग पर्सेंट काफी बढ़ गया। याचिका के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को फाइनल वोटिंग पर्सेंट जारी किया था। इसमें वोटिंग के दिन जारी शुरुआती आंकड़े के मुकाबले वोटिंग पर्सेंट लगभग 5-6 प्रतिशत ज्यादा था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एडीआर की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से एक हफ्ते में जवाब मांगा था। बुधवार (22 मई) को आयोग ने कहा, चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रामक दावों और निराधार आरोपों से संदेह पैदा करने का अभियान चल रहा है। इसे समझना होगा। सच सामने आने तक नुकसान हो चुका होगा।

## चाबहार 'डील' पर छाया अमरीकी प्रतिबंध का साया!

**भौगोलिक दृष्टि से भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है यह बंदरगाह**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान के चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत उत्सुक है। ईरान ने अगले 10 साल के लिए चाबहार बंदरगाह को भारत को सौंप दिया है। जहाजरानी और बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को ईरान में चाबहार बंदरगाह पर ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर हस्ताक्षर होते ही भारत को पहली बार विदेशी बंदरगाह संचालित करने का अवसर मिला। 2015 से ही चाबहार के शाहिद बहिश्ती बंदरगाह के उपयोग के लिए भारत-ईरान समझौते में हर साल नए आयाम जुड़ते गए। नए समझौते के परिणामस्वरूप, भारत को लगातार 10 वर्षों तक बंदरगाह का प्रबंधन मिला है। चाबहार बंदरगाह भौगोलिक दृष्टि से



बहुत महत्वपूर्ण है। चाबहार का निकटतम बंदरगाह गुजरात में कांडला है। जिसकी दूरी 550 समुद्री मील है। मुंबई से चाबहार की दूरी 786 समुद्री मील है। यह बंदरगाह भारत, पश्चिम एशिया, यूरेशिया के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और परिवहन लागत और समय को कम करने का केंद्र बन सकता है। चाबहार पर नियंत्रण पाने से भारत अफगानिस्तान, ईरान और रूस के माध्यम से जलमार्ग परिवहन पर अपनी पकड़ बना सकता है।

## मनीष कश्यप ने मीडिया संबोधन में एन डी ए उम्मीदवारों को जिताने की अपील की

**बेतिया शहर के एक निजी होटल में गुरुवार को भाजपा नेता मनीष कश्यप ने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुये उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं पर तीखा हमला बोला**

**चाणक्य भूमि बेतिया**

अपने मीडिया संबोधन में मनीष कश्यप ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल के दिनों की याद दिलाते हुये कहा कि उनके राज में में जंगल राज था। यहां कभी भी किसी का भी दिनदहाड़े अपहरण हो जाता था। आगे उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार आते ही कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है एनडीए की सरकार में चंपारण सहित बिहार का काफी विकास हुआ है।मोदी जी के नेतृत्व में देश के साथ ही बिहार का विकास भी काफी तेजी से हुआ है। हालाँकि उन्होंने शराब बंदी पर कहा कि अभी इसकी समीक्षा होनी चाहिये।



आगे उन्होंने कहा कि चंपारण और बिहार में अभी भी कुछ काम बाकी है, जो पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में होगा। उन्होंने पश्चिमी चंपारण, वाल्मीकिनगर, मोतीहारी और शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की।

# मौसम का 'हीट' आतंक, आसमान से बरस रही आग

● दिल्ली और यूपी समेत कई राज्यों में हालात खराब, रेड अलर्ट जारी ● 45 से 48 डिग्री तक पहुंचा पारा, राजस्थान व एमपी में जीना मुहाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, एनसीआर और यूपी समेत देश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने अभी और कुछ दिन भयंकर गर्मी और लू की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिन गर्मी से राहत के संकेत नहीं दिए हैं। उधर, दक्षिण भारतीय राज्य केरल में भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यहां भारी वर्षा के चलते कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। बुधवार को भी देश के अधिकांश हिस्सों में झुलसा देने वाली गर्मी का सिलसिला जारी रहा। राजस्थान के बाड़मेर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस साल अब तक का सबसे अधिक तापमान है। आईएमडी ने अपने ताजा बुलेटिन में चेतावनी दी है कि 26 अप्रैल तक पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गंभीर लू चलने की संभावना है। दिल्ली और मध्य प्रदेश में भी 26 अप्रैल तक भीषण गर्मी जारी





रहेगी। गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, जो औसत से तीन डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री रहने की संभावना है, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। भीषण गर्मी के चलते दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में कम से कम 24 स्थानों पर बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान राजस्थान के बाड़मेर में 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा का सिरसा 47.7 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद पंजाब के भटिंडा में रिकॉर्ड 46.6 डिग्री पारा दर्ज किया गया।

## 4 जून को रिकॉर्ड बनाएगा बाजार इकोनॉमी में लोगों को भरोसा

**पीएम बोले-10 साल में डीमैट अकाउंट 2.3 करोड़ से 15 करोड़ हुए**

मुंबई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को, जैसे ही बीजेपी रिकॉर्ड संख्या को छुएगी, शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। इस बयान का पॉजीटिव असर बाजार पर दिख रहा है। मोदी ने कहा- शेयर बाजार का हम पर जो भरोसा है, वह पिछले दशक के उसके प्रदर्शन से स्पष्ट है। जब हमने कार्यभार संभाला तो सेंसेक्स 25,000 अंक के आसपास था। आज, यह लगभग 75,000 अंक पर है। हाल ही में, हम पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप तक पहुंचे। पीएम मोदी इस बयान का बाजार पर भी असर दिख रहा है। बाजार सुबह फ्लैट खुला था, लेकिन अब ये ऑल टाइम हाई पर है। सेंसेक्स ने 75,407 का हाई बनाया है। वहीं निफ्टी ने 22,959 का लेवल छुआ। सेंसेक्स अभी 1000 पॉइंट से ज्यादा कि तेजी के साथ 75,200 के स्तर पर है। पिछले 10 साल और भाजपा सरकार के दो कार्यकालों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, यदि आप सिर्फ डीमैट अकाउंट की संख्या पर नजर डालें, तो आप समझ जाएंगे कि नागरिकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कैसे



विश्वास दिखाना शुरू कर दिया है। डीमैट खातों की संख्या 2.3 करोड़ से बढ़कर अब 15 करोड़ से अधिक हो गई है। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है।

## रेलवे ने अपने लाखों कर्मचारियों की अब ली सुध

**कई फैसिलिटी बढ़ाई, प्रमोशन देने की भी है तैयारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेल में प्रतिदिन 22,000 हजार से अधिक यात्री ट्रेनें व मालगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन की जिम्मेदारी निभा रहे लाखों रेल संरक्षा कर्मियों को समय पर सुरक्षा उपकरण व वर्दी मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने इस बाबत नए आदेश जारी किए हैं। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई जोन में रेल संरक्षा कर्मियों गेटमैन, प्वाइंटमैन, केबिनमैन, लीवरमैन आदि को समय पर वर्दी–सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने उक्त संरक्षा कर्मियों (शंटिंग स्टाफ) को सुरक्षा उपकरण व वर्दी वितरित करने के आदेश जारी किए हैं। इसमें वॉटरप्रूफ रेनकोट के लिए सालाना 1200 रुपये, सर्दियों में जैकेट के लिए दो साल में 2500 रुपये मिलेंगे। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जैकेट, ट्राउजर, दस्ताने, स्नो बूट, कैप आदि के लिए 10,000 रुपये का प्रावधान किया।

## जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की और ज्यादा बढ़ेंगी मुश्किलें

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हजारों महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। नेता को पहले ही जेडीएस पार्टी से निलंबित कर चुकी है और कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार द्वारा गठित एसआईटी उनके खिलाफ जांच कर रही है। अब



कांग्रेस सरकार ने मोदी सरकार को पत्र लिखकर रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय सिद्धारमैया सरकार के अनुरोध पर विचार कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वालों लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने की मांग करने वाला कर्नाटक सरकार का पत्र मंगलवार को विदेश मंत्रालय को मिल गया है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया में कितना समय लगेगा। इस मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर का कहना है कि राज्य सरकार ने केंद्र से हासन से सांसद रेवन्ना का

- ऐक्शन ले सकता है विदेश मंत्रालय, सिद्धारमैया सरकार ने भेजा था लेटर

राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का आग्रह किया है। रेवन्ना जेडीएस प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। इससे पहले 2 मई को विदेश मंत्रालय ने स्वीकार किया था कि रेवन्ना ने राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी की यात्रा की। हालांकि अधिकारियों के अनुसार, रेवन्ना को वीजा उपलब्ध कराने में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**पटना।** आज विशाखा नक्षत्र व परिघ योग में बुद्ध पूर्णिमा मनाई जा रही है। स्नान-दान की इस पूर्णिमा पर श्रद्धालु गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य कर रहे हैं। आज पूर्णिमा तिथि और गुरुवार दिन होने से इसकी महत्ता और बढ़ गयी है। ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने पंचांगों के हवाले से बताया कि वैशाख पूर्णिमा पर ग्रह नक्षत्रों की शुभ स्थिति होने से कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दिन पूरे चार शुभ योग का महासंयोग बन रहा है। वहीं इस दिन शुक्र-सूर्य की युति से शुक्रादित्य योग, वृष राशि में गुरु-शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग, गुरु-सूर्य की युति से गुरु-आदित्य योग का भी संयोग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन बव करण भी विद्यमान रहेगा। ऐसे उत्तम संयोग में श्रद्धालु स्नान-दान, श्रीहरि विष्णु की पूजा-अर्चना, लक्ष्मी नारायण भगवान को खीर का भोग, इत्र अर्पण, घी के दीपक से आरती, शांति पाठ और चंद्र दोष से मुक्ति के लिए जाप, हवन, दान-धर्म करेंगे।

### हनुमान चालीसा पढ़कर शूटिंग के लिए जाते थे मनोज बाजपेयी, 'भैया जी' के प्रमोशन के लिए पहुंचे पटना



**पटना।** बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी अपने फिल्म 'भैया जी' के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे। यह उनके करियर की 100वीं फिल्म है। दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि इस फिल्म के 99% स्टंट उन्होंने खुद ही किए हैं। शूटिंग पर जाने से पहले हनुमान चालीसा पढ़ते थे। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से वोट करने की भी अपील की। मनोज बाजपेयी ने कहा कि उन्हें फिल्मों का शतक लगाकर काफी अच्छा लग रहा है। यह मेरे लिए एक उत्सव जैसा है। मैं दर्शकों से आग्रह करता हूं कि कल वे इस उत्सव में जरूर शामिल हो, यह सब दर्शकों के कारण ही संभव हो पाया है। मैं देश में जहां-जहां जा रहा हूं, वहां पर ऐसी खुशी है जैसे कि उनकी 100वीं फिल्म पूरी हो रही है। मुझे इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह मेरी 100वीं फिल्म होगी। मैं कभी भी अपने कामों को गिनता नहीं हूं। मेरे डायरेक्टर ने मुझे बताया है कि यह मेरे करियर की 100वीं फिल्म है। इस फिल्म में जितने भी एक्शन सीक्वेंस देखने को मिल रहे हैं, उसमें से 99% एक्शन मनोज बाजपेयी ने खुद ही किया है। उन्होंने किसी भी बॉडी डबल का इस्तेमाल नहीं किया है। मनोज बाजपेयीने कहा कि वह अपने उम्र के जिस पड़ाव में है, उस उम्र में खुद से स्टंट करना खतरे से कम नहीं है। लेकिन अनुशासन भरे जीवन शैली ने उन्हें परफॉर्म करने में काफी मदद की। वह हर दिन हनुमान चालीसा पढ़कर शूटिंग करने जाते थे।

### छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा, बिहार में 8 लोकसभा सीट पर 25 मई को होगी वोटिंग




**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार थम गया है। 25 मई को वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज सीट पर वोट डाले जाएंगे। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चरण में आठ सीटों पर कुल 86 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमें कई दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होगा। वाल्मीकिनगर में जेडीयू के सुनील कुशवाहा के सामने आरजेडी के दीपक यादव ताल ठोक रहे हैं। दोनों के बीच सीधा मुकाबला है। पूर्वी चंपारण में बीजेपी के राधा मोहन सिंह और वीआईपी से राजेश कुमार के बीच टक्कर है। पश्चिम चंपारण से भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद संजय जायसवाल पर एक बार फिर भरोसा जताया है। संजय जायसवाल के खिलाफ कांग्रेस ने मदन मोहन तिवारी को उतारा है। इधर, शिवहर में पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को जेडीयू ने मैदान में उतारा है। लवली आनंद के सामने आरजेडी की रितु जायसवाल हैं। वैशाली से मौजूदा सांसद वीणा देवी लोजपा रामविलास के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। आरजेडी ने उनके खिलाफ विजय शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को मैदान में उतारा है। गोपालगंज में जेडीयू के आलोक सुमन और वीआईपी के चंचल पासवान के बीच लड़ाई है। महाराजगंज लोकसभा सीट से बीजेपी के पूर्व मंत्री जनार्दन सिग्रीवाल मैदान में हैं। यहां से कांग्रेस ने आकाश सिंह को टिकट दिया है। सीवान लोकसभा सीट पर जेडीयू ने मौजूदा सांसद कविता सिंह की जगह विजय लक्ष्मी कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी चौधरी को मैदान में उतारा है। जबकि, पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब राजद से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं।

### 10-16 घंटे की देरी से चल रही हैं स्पेशल ट्रेनें, 15 घंटे लेट से खुलेगी SC पटना स्पेशल

**पटना।** भीषण गर्मी में भी ट्रेनों की लेट-लतीफी लगातार जारी है। खासकर यात्रियों के सुविधा के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें 10 से 16 घंटे की देरी से चल रही हैं। स्पेशल ट्रेनों के लेट-लतीफी और भीषण गर्मी में सफर करना यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। इस भीषण गर्मी में ट्रेन लेट होने से यात्री खासा परेशान हैं। वैसे तो ठंड और कोहरे में ट्रेनों का लेट चलाना आम बात है, लेकिन इस भीषण गर्मी में खासकर वो ट्रेनें जो यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल चलाई जा रही हैं वह 10 से 16 घंटे की देरी से चल रही हैं। दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन 12356 जम्मू अर्चना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 7 घंटे की देरी से चल रही है। 02352 आनंद विहार पटना सुपर फास्ट स्पेशल एक्सप्रेस 16 घंटे देरी से चल रही है। 02351 पटना आनंद बिहार टर्मिनस स्पेशल लगभग 12 घंटे लेट चल रही है। 12505 कामख्या आनंद विहार एक्सप्रेस 2 घंटे लेट चल रही है। 01043 लोकमान्य तिलक समस्तीपुर सुपर फास्ट स्पेशल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय साढ़े 9 घंटे देर से खुलेगी। 07309 वास्को डी गामा मुजफ्फरपुर स्पेशल लगभग 4 घंटे देर से खुलेगी । 03252 SC पटना स्पेशल अपने निर्धारित समय से साढ़े 15 घंटे लेट से खुलेगी। ट्रेनों की देरी की वजह से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। गर्मी के बीच यात्रियों की हालत खराब हो रही है। यात्रियों को घंटों ट्रेनों के आने का इंतजार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा महिलाओं और बच्चो को इस भीषण गर्मी में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। दानापुर की तरफ आने वाली लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों की लेट-लतीफी से यात्री काफी परेशान हैं।

### जमीनी विवाद के पंचायत के दौरान मारपीट, 4 घायलःसदर अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस कर रही जांच

**हाजीपुर।** वैशाली के महिसौर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना अजीजपुर चांदे गांव की है और इसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में भर्ती घायल राम बली मंडल ने बताया कि गांव के ही नथुनी मंडल से जमीन को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद पंचायत बुलाई गयी थी। पंचायत में सरपंच के कहने पर कागज दिखाने के लिए कहा गया। इस दौरान नथुनी मंडल, लालबाबू मंडल, गनोर मंडल, कैलाश मंडल समेत दस पंद्रह लोगों ने मिलकर अचानक रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान सोनू कुमार, सुरेश मंडल, राम बली मंडल और नरेश मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# EVM-वीवी पैट लेकर मतदान केंद्र के लिए निकले अधिकारी



♦ वैशाली लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर निकले, अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सुब्रत कुमार सेन और SSP राकेश कुमार ने वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए MIT परिसर में सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग के दौरान सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उनके क्षेत्राधीन पोलिंग बूथों के पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर से मतदान सामग्री का उठाव कर संबद्ध वाहन के साथ सुरक्षित प्रस्थान कराएंगे। सेक्टर अधिकारी को अंत में डिस्पैच सेंटर छोड़ने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार पिछले चरण में मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के कुल 6 सेगमेंट में विधि व्यवस्था और कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित की गई। उसी प्रकार वैशाली लोकसभा में सुव्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। वैशाली चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी सेन ने कहा कि शनिवार को होने वाले चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी, अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी ईवीएम, वीवी पैट और चुनाव संबंधी सामग्रियों के साथ अपने अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंचना प्रारंभ कर चुके हैं। बिना किसी परेशानी के सभी कुछ योजनाबद्ध चल रहा है। शनिवार को होने वाले चुनाव की सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पारा मिलिट्री और होमगार्ड के अलावा अन्य जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। जोनल और सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की भी नियुक्ति की गई है। मतदाताओं से अपील है कि अपने अपने घरों से निकले और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक मजबूत सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। डीएम सेन ने चुनाव ड्यूटी से गैरमौजूद रहने वाले कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया की 5वें चरण के चुनाव के दौरान मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के 50 प्रतिशत बूथों की वेब कास्टिंग हो रही थी। उसी तर्ज पर बढ़ाई गई बूथों की संख्या पर वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी या माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 300 से अधिक स्थानों पर माइक्रो ऑबजरवर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कम ही ऐसे बूथ होंगे जहां पारा मिलिट्री फोर्स नहीं होने की स्थिति में माइक्रो ऑबजरवर या वेब कास्टिंग होगी। तीनों में एक व्यवस्था होगी। जिससे आमलोगों में यह संदेश जा सके की चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और पीठासीन पदाधिकारी की टैगिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के 4108 पदों के लिए इंटरव्यू आज से




दर्शनशास्त्र के कैंडिडेट को बुलाया गया, HC ने 2020 में लगाई थी रोक

**एजेंसी, पटना।**

विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 4108 रिक्त पदों पर बहाली के लिए शुक्रवार से इंटरव्यू शुरू होगा। बिहार राज्य विवि सेवा आयोग (बीएसयूएससी) ने इसकी तारीख जारी कर दी है। इंटरव्यू की शुरुआत दर्शनशास्त्र के बचे हुए अभ्यर्थियों से होगी। इसके बाद अन्य विषयों के आवेदकों के लिए तिथि जारी होगी। 24 मई से दिसंबर 2024 तक बहाली प्रक्रिया पूरी की जानी है। वर्ष 2020 में जारी बहाली के विज्ञापन में आरक्षण के रोस्टर का पालन ठीक से नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट की ओर से लगाई गई रोक पिछले महीने हटने के बाद यह पहला इंटरव्यू होगा। कोर्ट ने 2023 में बहाली की प्रक्रिया पर रोक लगाई थी और रोस्टर फिर तैयार करने का आदेश दिया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने संशोधित रोस्टर तैयार कर आयोग को उपलब्ध कराया था। इसके आधार पर कोर्ट ने आयोग से बहाली की बाकी प्रक्रियाएं शुरू करने को कहा था। जबकि इंटरव्यू पर रोक जारी रखी थी।

**2020 में जारी हुआ था विज्ञापनः** लेकिन कोर्ट ने पिछले महीने यह रोक भी हटा ली थी। अब संशोधित रोस्टर से बैकलॉग की 755 और वर्तमान की 3353 रिक्तियों पर बहाली होगी। 27 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन हो चुका है। आयोग ने वर्ष 2020 में 52 विषयों में 4638 पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें 27 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन किया जा चुका है।

## अमित शाह पहुंचे दिवंगत सुशील मोदी के घर, देंगे श्रद्धांजलि



♦ दिवंगत नेता के परिजनों से मिलेंगे

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पटना पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट से अमित शाह सीधे बीजेपी के दिवंगत नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्र नगर स्थित आवास पहुंचें। यहां वे दिवंगत सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि देंगे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थेः** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुशील मोदी के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी थी। प्रधानमंत्री ने 20 मई को पटना पहुंच कर सुशील कुमार मोदी के परिजनों से मुलाकात की थी। PM मोदी पटना एयरपोर्ट से सीधा सुशील कुमार मोदी के आवास पहुंचे थे और उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।

**कल आरा में करेंगे जनसभाः** लोक सभा चुनाव को लेकर लगातार केंद्रीय नेतृत्व के बड़े नेता बिहार पहुंच कर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज सुशील कुमार मोदी के परिजनों से मुलाकात कर शुक्रवार को आरा में एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह के समर्थन में जनसभा करेंगे। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद अमित शाह का यह छठा बिहार दौरा है। इसके पहले अमित शाह 5 बार बिहार के अलग-अलग जगहों पर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में रैलियां कर चुके हैं।

## दोस्त की बहन से था अफेयर, चाकू घोंपकर की हत्या, वैशाली में आरोपी भाई करता था विरोध

### चोरी करने के बहाने बुलाया, प्रेमी को मार डाला




**एजेंसी, हाजीपुर।**

हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर 5 दिन पहले एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस ने उस मामले का खुलासा किया है। दोस्तों ने ही अपने दोस्त की हत्या की थी। एक की ममेरी बहन के साथ मृतक युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके कारण योजना बनाकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि हाजीपुर में ही तीनों दोस्त मिलकर रेलवे के क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। साल 2018 में एक साथ तीनों को GRP पुलिस ने जेल भेजा था। मृतक मो.अमन को अपने दोस्त गोलू पासवान की ममेरी बहन से प्यार हो गया था।

**झाड़ियों से मिली थी लाशः** गोलू ने अमन को समझाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं समझा, जिसके बाद दोनों ने अपने तीसरे दोस्त की हत्या कर दी। 17 तारीख को सुभाष चौक पर मिठाई दुकान के पास झाड़ियों से लाश मिली थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पहले मृतक के एक दोस्त मोहम्मद अली को पुलिस ने गिरफ्तार किया फिर पूछताछ शुरू की, जिसमें मोहम्मद अली ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। अपने दोस्त गोलू के बारे में भी बता दिया कि उसने बताया कि उसकी बहन से अफेयर चल रहा था। इसका लगातार गोलू विरोध कर रहा था। हत्या वाले दिन भी चोरी करने के बहाने मोहम्मद अमन को घर से बुलाया गया था। फिर चाकू गोदकर अमन की हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना में शामिल चाकू को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार गोलू पासवान ने पुलिस को यह भी बताया है कि चोरी के पैसे के बंटवारे को लेकर भी पहले विवाद चल रहा था। दोनों आरोपी दोस्त हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के छोटी मड़ई के रहने वाले हैं।

## शिक्षा विभाग को हर दिन मिलेगा 11वीं का अटेंडेंस, IAS के के पाठक का नया आदेश

### सभी जिलों के DEO और DPO को भेजा गया पत्र



**एजेंसी, पटना।**

IAS केके पाठक हर दिन एक नया आदेश जारी करते आ रहें हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक का बड़ा आदेश सामने आया है। नया आदेश क्लास 11वीं से जुड़े स्टूडेंटस से है। कक्षा 11वीं में पढ़ रहे हैं छात्र-छात्राओं की संख्या का ब्योरा विभाग को भेजना होगा। स्कूल में हर दिन के अटेंडेंस का ब्योरा भेजना होगा। IAS के के पाठक के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

**जिलों को भेजा गया है फॉर्मेटः** पत्र में कहा गया है कि सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्लास 11वीं में प्रत्येक दिन का अटेंडेंस मुख्यालय को उपलब्ध कराए। इसके लिए जिला स्तर पर किसी पदाधिकारी और कर्मी को कोऑर्डिनेटर बना दें। कोऑर्डिनेट करने वाले अफसर और कर्मी का फॉर्मेट पर अधिकारी का नाम, उनका मोबाइल नंबर शिक्षा उप निदेशक शिवनाथ प्रसाद को भेज दें।माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव के लिखे गए पत्र में कोऑर्डिनेटर ऑफिसर का फॉर्मेट भी जिलों को भेजा है। पत्र में आगे लिखा गया है कि शिक्षा विभाग में कैलेंडर वर्ष 2024 के परीक्षा कैलेंडर अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024 -25 में कक्षा 11वीं का संचालन शुरू हो चुका है। 16 मई से नए सत्र की शुरुआत हुई है। पत्र में यह भी बताया गया है कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने विभागीय बैठक में निर्देश दिया है कि क्लास 11वीं के छात्र-छात्राओं की हर दिन की उपस्थित रिपोर्ट शिक्षा विभाग को मिलनी चाहिए।

### चलाया जा रहा वाहन चेकिंग अभियान

**मुजफ्फरपुर।** वैशाली संसदीय क्षेत्र के छठे चरण में 25 मई तो मतदान होना है। चुनाव को लेकर जिला पुलिस अलर्ट है। एसएसपी राकेश कुमार के निर्देश पर जिले के सभी सड़क मार्गों पर वाहनों की जांच तेज की गई है। बड़े वाहन हो या छोटे सभी की जांच की जा रही है। पुलिसकर्मी ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट और गाड़ी की डिक्की आदि की जांच कर रहे हैं। हालांकि कहीं से कोई आपत्तिजनक सामान पुलिस ने बरामद नहीं किया है। मजिस्ट्रेट अजय प्रसाद साह ने बताया कि 25 मई को वैशाली लोकसभा क्षेत्र चुनाव है। ऐसे में विधि व्यवस्था बनाने और भय मुक्त चुनाव को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वरीय अधिकारी के निर्देश के अनुसार सभी दो पहिया वाहन, ऑटो, चार पहिया वाहन और अन्य वाहन की जांच हो रही है। इस दौरान बैरिया गोलंबर चौक से समीप भी जांच-पड़ताल की गई।

## पटना के जक्कनपुर में युवक का शव बरामद



**एजेंसी, पटना।**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के राम नगर मेन रोड से सटे एक चबूतरे से शव बरामद किया गया है। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। युवक के सिर पर कटने का निशान है। दाहिने हाथ पर टैटू का निशान है, बंटी लिखा हुआ है। पुलिस को सुबह में इस घटना की जानकारी मिली। युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। परिजन भी सामने नहीं आए हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस चोरी के दौरान पिटाई की आशंका जता रही है।

**पुलिस ने जताई चोरी की आशंकाः** जक्कनपुर थानाध्यक्ष HN सिंह ने कहा है कि प्रथम दृष्टया लगा रहा है कि चोरी के दौरान पिटाई हुई है। युवक जिसके घर में घुसा होगा, उसने इसका पीछा किया होगा। इसी भागने के क्रम में या बाउंड्री से छलांग लगाने के दौरान इसको गंभीर चोट आई है। भागकर आकर रमना रोड में एक चबूतरे पर कुछ देर बैठा है। उसके बाद वहीं, लेट गया है। फिर नहीं उठा है। घटना सुबह लगभग 8:30 बजे की है।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** युवक के हाथ पर एक टैटू बना है, जिस पर बंटी लिखा हुआ है। बहरहाल पुलिस शव के शिनाख्त के साथ बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। अभी युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

## पिछले 10 महीने में 27 हजार शिक्षकों का कटा वेतन

### निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के मिले थे गायब, IAS के के पाठक के सख्ती का असर



**एजेंसी, पटना।**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक की सख्ती का असर साफ दिख रहा है। बिना बताए स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों के वेतन कटौती का ग्राफ हाई है। बिहार में पिछले 10 महीने में 32 हजार 828 शिक्षकों के वेतन काटने की अनुशंसा की गई है। ये शिक्षक औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में नहीं पाए गए हैं।

**27 हजार शिक्षकों के वेतन कटेः** शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार के के पाठक राज्यभर के सरकारी स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों का वेतन काटकर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रहे हैं। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान अब तक बिना सूचना के गायब रहने वाले 32 हजार 828 शिक्षकों के वेतन कटौती की अनुशंसा की गई है। वहीं बीते 10 महीनों के अंदर राज्य के लगभग 27 हजार शिक्षकों का वेतन काटा जा चुका है।

**दरभंगा में सबसे अधिक गायब मिले शिक्षकः** IAS के के पाठक की सख्ती का असर पूरे राज्य में देखने को मिला है, लेकिन वेतन कटौती में सर्वाधिक संख्या दरभंगा जिले की है। यहां 3 हजार 884 शिक्षक पर गाज गिरी है। बिना सूचना के गायब रहने वाले ज्यादा शिक्षकों की संख्या में दूसरा जिला सीएम नीतीश का गृह जिला नालंदा है। नालंदा ऐसा जिला है, जहां तीन हजार शिक्षकों के वेतन की कटौती हुई है। शिक्षा विभाग के आंकड़ा बताता है कि वेतन कटौती की अनुशंसा सबसे अधिक नालंदा से आई है। नालंदा से वेतन कटौती की अनुशंसा 3 हजार 886 है।

**शिवहर जिले से सबसे कम शिकायतः** बिहार का शिवहर जिला वेतन कटौती में सबसे नीचे है। शिवहर जिले में सिर्फ 57 शिक्षकों के वेतन काटे गए हैं। दरभंगा और नालंदा के बाद सबसे अधिक 1 हजार 677 शिक्षकों का वेतन सारण जिले में कटा है। औरंगाबाद में 1 हजार 332, भागलपुर में 1 हजार 132, नवादा में 1 हजार 48, सुपौल में 994, पूर्वी चंपारण में 921, अररिया में 918, मधुबनी में 888, समस्तीपुर में 775, बेगूसराय में 756 और सीतामढ़ी में 715 शिक्षकों का वेतन काटा गया है।

**1 जुलाई, 2023 से किया जा रहा है निरीक्षणः** दरअसल, शिक्षा विभाग में IAS के के पाठक ACS की कुर्सी संभालते हीं स्कूलों पर सख्ती शुरू हो गई थी। अपर मुख्य सचिव के के पाठक के आदेश के बाद पिछले साल से सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण शुरू किया गया। के के पाठक ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि निरीक्षण में गायब मिलने वाले शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा जाए। स्कूलों में निरीक्षण करने गए पदाधिकारी इसकी रिपोर्ट जिला को देते हैं। 1 जुलाई, 2023 से नियमित स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### महागठबंधन की सरकार बनने पर इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच होगी

**पटना।** पाटलिपुत्र संसदीय सीट से आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर देश में हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच कराई जाएगी। हमने भी पीएम मोदी से ही जांच कराना सीखा है। इसमें जो भी लोग दोषी होंगें, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी एजेंसी का भय दिखाकर मोदी जी ने विपक्षी नेताओं को डराने का काम किया है। प्रधानमंत्री चाहते ही नहीं हैं कि देश में लोकतंत्र हो। वे लगातार ऐसा ही करते आ रहे हैं, लेकिन इस बार तो देश की जनता उन्हें मौका देने नहीं जा रही है। वहीं, जनसंपर्क अभियान में पूर्व सीएम और मां राबड़ी देवी के शामिल होने पर मीसा ने कहा कि अपनी बेटी के लिए मैदान में उतरी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में शादी के 1 महीने बाद महिला की हत्या

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बेन थाना क्षेत्र के धरनी धाम गांव में मंगलवार को नव विवाहिता की हत्या ससुराल परिवार द्वारा कर दी गई थी। मृतका चुन्नू कुमार की पत्नी काजल कुमारी(20) थी। एक महीना पहले ही काजल की शादी चुन्नू से हुई थी। परवलपुर थाना क्षेत्र के बदौनी गांव निवासी काजल कुमारी के मायके वाले ने पति समेत 8 लोगों के खिलाफ दहेज के कारण हत्या का आरोप लगाया है। जिसमें यह बताया गया है कि मोटरसाइकिल और सोने की चेन ससुराल परिवार द्वारा मांगा जा रहा था। इसकी वजह से गला घोंट पति समेत अन्य लोगों ने हत्या कर दी। वहीं, इस मामले में बेन थानाध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। घर के सभी सदस्य फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल, एक महीना पहले ही 21 अप्रैल को काजल की शादी चुन्नू से हुई थी। उस क्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान और पैसा मायके वालों द्वारा दिया गया था। मायके वालों ने आरोप लगाया था कि चुन्नू किसी लड़की से बात किया करता था। इसका विरोध करने पर काजल को प्रताड़ित और मारपीट किया जाता था। इसके विरोध पर उसकी हत्या की गई।

### एसकेएमसीएच- आपत्तिजनक स्थिति में धराए दो कर्मी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच में मंगलवार की रात दो कर्मियों को लोगों ने आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ गार्ड को सूचना दी। बात फैली तो मामला अस्पताल प्रबंधन के पास पहुंच गया। पहली घटना में ब्लड बैंक में पारा मेडिकल कर्मी एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। वहीं, कोविड आईसीयू में मरीज के परिजनों ने एक फोर्थ ग्रेड कर्मी को युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। लोगों ने दोनों को गार्ड के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल प्रबंधन के लोगों ने दोनों को चेतावनी दी है। हालांकि प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने ऐसी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

### गंगा दशहरा 16 जून को

**भागलपुर, एजेंसी।** गंगा दशहरा 16 जून को है। इस दिन रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी बन रहा है। इस दौरान पूजा-पाठ व स्नान-दान के लिए सबसे शुभ समय माना जाता है। जगन्नाथ मंदिर के पंडित सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन पवित्र स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त का समय सबसे उत्तम माना जाता है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4÷03 से सुबह 4÷45 के बीच रहेगा। गंगा दशहरा के दिन गंगा मैया की पूजा की जाती है। गंगा नदी में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गए पापों से भी छुटकारा मिलता है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**भागलपुर, एजेंसी।** बुद्ध पूर्णिमा गुरुवार को है। हालांकि पूर्णिमा का प्रवेश बुधवार को कर गया था। पूर्णिमा के दिन सुबह गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। संकट मोचन दरबार के पंडित चंद्रशेखर झा ने बताया कि पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। इस दौरान गंगा मैया की पूजा कर लोगों ने अपने-अपने पितरों को भी जल अर्पण किये। हिंदू मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने अपना 9वां अवतार बुद्ध के रूप में लिया था। बुद्ध पूर्णिमा के दिन बुद्ध का जन्म, ज्ञान व मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।

### सीनियर डी सी एम ने अमृत भारत स्टेशन का लिया जायजा

**सुल्तानगंज, एजेंसी।** प्रखंड की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुधवार को महर्षि मेंहीं महाराज की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर जगह-जगह पर शोभा यात्रा निकाली गई। इधर शहर स्थित सत्संग भवन में आयोजित कार्यक्रम में रघुनंदन बाबा ने प्रवचन किया। प्रखंड के पैन, अबजूगंज, बैकुंठपुर, मिरहट्टी, गनगनियां आदि जगहों पर शोभायात्रा निकाले जाने के बाद प्रातः कालीन स्तुति विनती सत्संग प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# छपरा बवाल मामले में रोहिणी आचार्य पर केस दर्ज

## मारपीट, बूथ लूटने और हत्या की कोशिश की धाराएं लगीं





**छपरा, एजेंसी।** छपरा बवाल मामले में लालू की बेटी रोहिणी आचार्य पर केस दर्ज किया गया है। बीजेपी कार्यकर्ता मनोज सिंह ने राजद उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्य पर बूथ- 318 बड़ा तेलपा में मारपीट, बूथ लूटने और हत्या की कोशिश करने की धाराओं में नगर थाने में केस दर्ज कराया है। ये सभी गैर जमानती धाराएं हैं। इधर, छपरा के भिखारी ठाकुर चौक पर आज भी पुलिस की भारी तैनाती है। आम जनजीवन सामान्य हो रहा है। घटनास्थल और पीड़ित परिवार के गांव की ओर जानेवाले रास्ते पर लोगों की सघन जांच के बाद जाने दिया जा रहा है। छपरा एसपी गौरव मंगला ने बताया कि मामले में 3 एफआईआर दर्ज की गई हैं। हालांकि, आज भी शहर में इंटरनेट सेवा बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। पहला मृतक चंदन कुमार के परिवार के बयान पर दर्ज किया गया है। दूसरा एफआईआर रोड़ेबाजी और मारपीट को लेकर हुआ है। तीसरा एफआईआर सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट को लेकर किया गया है। हत्या के मामले में 12 लोगों को नामजद करते हुए 50 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।

### दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इनमें से पुलिस ने 2 लोगों रामाकांत सिंह(62) और रविकांत सिंह(47) को अरेस्ट किया है। दोनों ही तेलपा इलाके के रहनेवाले हैं। उनके पास से लाइसेंसी राइफल और जिंदा गोली भी जब्त हुई है। घटनास्थल से खोखे भी जब्त हुए हैं। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है।

दरअसल, छपरा में आरजेडी और बीजेपी समर्थकों के बीच झड़प में एक युवक की मौत हो गई है। जबकि, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटनास्थल से 5 किलोमीटर एरिया पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। पैरा मिलिट्री बल को भी सुरक्षा में लगाया गया है। शहर में सभी आने जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। एसपी ने बताया कि यहां पर अबतक मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की घटना को लेकर मंगलवार की सुबह पहले 2 लोगों के बीच बहस हुई थी। दोनों ने ही अपने-अपने साथ के लोगों को बुलाया, जिनके बीच रोड़ेबाजी और बाद में फायरिंग हुई। पुलिस की विफलता के सवाल पर एसपी ने कहा कि सोमवार की घटना के बाद हम सतर्क थे। पुलिस टीम ने गश्ती भी की थी लेकिन मंगलवार को अचानक बड़ी संख्या में लोग आ गए, जिससे यह घटना हुई। घटनास्थल पर पुलिस टीम की शिफ्ट बदलने में लापरवाही हुई थी। घटना के तुरंत पहले ड्यूटी पर रहे पुलिसकर्मी रिलीव हुए थे, उनका रिप्लेसमेंट समय से नहीं आ सका था। इसके लिए नगर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई भी हुई है। उनकी जगह नए अधिकारी के लिए चुनाव आयोग को लिखा गया है।

### दूसरे दिन भी इंटरनेट पर रोक

पुलिस की टीम शहर के चप्पे-चप्पे में पेट्रोलिंग कर रही है। हालांकि सारण जिले में धारा 144 अभी लागू नहीं है बस मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। पुलिस मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद पूरे जिले में 23 मई की रात नौ बजे तक इंटरनेट सेवा पर पूरी तरह से रोक लगी हुई है। इंटरनेट से अफवाह ना फैले इसलिए इसे बैन किया गया है। पीड़ित परिवार के लोग दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग कर रहे हैं। हालांकि, मामले में छपरा नगर थानेदार अश्विनी तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। नगर थाने में गोलीबारी और हत्या को लेकर पीड़ित पक्ष ने आवेदन भी दिया है। जल्द ही FIR की प्रक्रिया पूरी होने की भी बात कही जा रही है। मौके पर CISF, CRPF, RAF के साथ ही जिला पुलिस के जवान तैनात हैं। फिलहाल स्थिति समान्य है। वहीं, दो घायलों में से एक के कोमा में चले जाने की बात सामने आई है।

### कई राउंड गोली चलाई गई

मामले को लेकर एसपी गौरव मंगला ने बताया कि कल वोटिंग के दौरान बीजेपी और आरजेडी समर्थकों में झड़प हुई थी। आज उसी की प्रतिक्रिया में फायरिंग हुई है। सारण के डीएम अमन समीर ने मौत की बात स्वीकार की है। कई राउंड गोली चलाई गई है। कल रोहिणी आचार्य के बूथ संख्या 318-319 पर आने पर चुनाव के दौरान तनाव बढ़ा था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी भी हुई थी।

### सम्राट बोले– रोहिणी के साथ घूमने वाले पुलिसबल की भी जांच होगी

छपरा कांड पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि रोहिणी आचार्य के साथ घूमने वाले पुलिस बल की जांच होगी। जांच के बाद पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। लालू और राबड़ी के अंगरक्षक रोहिणी के साथ कैसे घूम रहे थे। पूरे मामले की जांच की जाएगी और कार्रवाई होगी। सम्राट ने कहा कि रोहिणी ने बूथ पर लोगों को भड़काने का काम किया है। वहीं, मीसा भारती पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वो पाटलिपुत्र में पुलिस बल लेकर घूम रही हैं। किस हैसियत से पुलिस बल लेकर घूम रही हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### घायलों से मिले पप्पू यादव

छपरा गोलीकांड में घायल लोगों से पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पीएमसीएच में मुलाकात की। इसके बाद घायलों की स्थिति के संबंध में डॉक्टरों से भी बात की। पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान हिंसा होना बहुत गलत है। प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। जल्द से जल्द उपद्रवियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### क्या है पूरा मामला

20 मई को पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा के मुफस्सिल थाने में दो गुटों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट का मामला सामने आया। बताया जा रहा है कि मतदान के अंतिम समय में राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य तेलपा के बूथ पहुंची थीं। किसी बात को लेकर रोहिणी समर्थक और स्थानीय लोगों में झड़प हो गई। इसके बाद दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों गुट बीजेपी और राजद समर्थक बताया जा रहे हैं। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेलपा की है।

### घायलों का इलाज जारी

वहीं, मंगलवार सुबह मुफस्सिल थाने के तेलपा भिखारी चौक के पास फायरिंग हुई। इसमें मारे गए युवक की पहचान चंदन राय के रूप में हुई है। जबकि, घायलों की पहचान गुड्डू राय, मनोज राय के रूप में हुई है। घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में हो रहा है।

## दो पक्षों की बीच मारपीट में सात लोग जखमी



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रतन दांडी गांव में बुधवार को गाली-गलौज के विरोध पर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से 7 लोग जख्मी हो गए। इसके बाद जख्मियों में एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में एक पक्ष से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रतनदंडी गांव निवासी बिरजा सिंह, दुर्गा सिंह, रामेश्वर सिंह, मानती देवी, मनन यादव, विंध्याचल यादव और दूसरे पक्ष से एक अन्य व्यक्ति जख्मी है। जख्मी मनन यादव ने बताया कि मंगलवार की शाम उनके पट्टीदार से मामूली विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। बुधवार को गांव के ही कुछ लोग उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे।जब वे लोग उनके घर पर पूछताछ करने गए तो लाठी-डंडों से जमकर सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के भी एक व्यक्ति जख्मी हो गए। इसके बाद उनके पक्ष के सभी लोगों को इलाज के लिए जगदीश अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी मनन यादव ने गाली-गलौज का विरोध करने पर सभी लोगों की लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

## चित्रकला के जरिए मगध के पौराणिक महत्व को दर्शाया

**गया, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर संग्रहालय सप्ताह का आयोजन 18 से 24 मई तक संचालित है। इस मौके पर गया संग्रहालय में बच्चों ने चित्रकारी की। इस कला के जरिए मगध के पौराणिक महत्व को दर्शाया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता का विषय था ÷आपकी विरासत÷। इस मौके पर बच्चों ने संग्रहालय में प्रदर्शित कलाकृतियां, गांधी मंडप, महाबोधि मंदिर, विष्णु पद मंदिर, मां मंगला गौरी मंदिर , ब्रह्मयोनि पर्वत, सीताकुंड आदि के चित्र बनाए। प्रतियोगिता में स्थानीय रामचंद्र सिंह बनमली बाबा कन्या उच्च प्लस टू विद्यालय, चित्रगुप्त मध्य विद्यालय , मध्य विद्यालय भारत सेवा आश्रम संघ, हरिदास सेमीनरी उच्च विद्यालय, जिला स्कूल प्लस टू विद्यालय, विराजमोहिनी कन्या मध्य विद्यालय, न्यू हाई स्कूल गया के अलावे भी कई स्कूलों के छात्रों में भाग लिया। इस अवसर पर रंगकर्मी शम्भू सुमन, संग्रहालय अध्यक्ष अरविंद महाजन, शिक्षक राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।



## इस साल बारिश में नहीं डूबेगा पटना नगर निगम ने 24 इंजीनियरों को दी यह ड्यूटी

**पटना, एजेंसी।** पिछले कई सालों से बारिश के मौसम में बिहार की राजधानी पटना में जलजमाव से तबाही आ जाती है। पटना शहर में अब जलजमाव की स्थिति नहीं हो इसीलिए सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन (डीपीएस) पर कर्मचारियों की बजाय 24 अभियंताओं की तैनाती की गई है। इस संबंध में बुडको के प्रबंध निदेशक की ओर से पत्र भी जारी कर दिया गया है। सभी अभियंता जून में अपने-अपने प्रभार में मिले डीपीएस पर निगरानी रखेंगे। नगर निगम क्षेत्र में कुल 39 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन हैं, जिससे बरसात के दिनों में जल निकासी की जाती है। इसमें अजीमाबाद अंचल में 6 डीपीएस हैं यहां चार अभियंताओं की तैनाती की गई है। इसी प्रकार कंकड़बाग अंचल क्षेत्र में 6 डीपीएस पर तीन अभियंता, बांकीपुर अंचल में 6 डीपीएस पर चार अभियंता, पाटलिपुत्र अंचल में 6 डीपीएस पर पांच अभियंता, नूतन राजधानी अंचल क्षेत्र में 11 डीपीएस पर छह अभियंता तथा दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में चार डीपीएस पर दो अभियंता की तैनाती की गई है।

ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर कनीय अभियंता और सहायक अभियंता की तैनाती की गई है। प्रबंध निदेशक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी अभियंता अभी से ही बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क स्थापित करेंगे। इससे बारिश के दिनों में ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर किसी प्रकार की विद्युत आपूर्ति में व्यवधान नहीं होगी। जिन पंपिंग स्टेशन पर तकनीकी गड़बड़ी है उसे अभी ही ठीक करने तथा पहली जून से देखरेख करना शुरू करना होगा। अधिक बरसात होने पर भी सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन से पानी की जल्दी निकासी हो सके इसकी पूरी व्यवस्था रखने को कहा गया है। बारिश के दिनों में संप हाउस के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही में वहां के कर्मचारी नहीं बल्कि तकनीकी अधिकारी-अभियंता जिम्मेदार होंगे। 2019 में पटना शहर में भारी जल जमाव हो गया था। जब इसके कारणों का पता लगाया गया था तो जानकारी मिली कि भारी बारिश होने के बावजूद पंपिंग स्टेशन चालू नहीं हुए थे। क्योंकि वहां संप हाउसों पर अभियंताओं के बजाय चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों की तैनाती थी। मामूली गड़बड़ी पर भी पंप बंद हो गए थे तो कई जगह कर्मचारियों द्वारा जैसे तैसे पंपिंग स्टेशन को चलाया जा रहा था। इसीलिए तकनीकी अधिकारियों को ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कार्रवाई! 10 महीने में 27 हजार शिक्षकों के खिलाफ एक्शन



**पटना, एजेंसी।** स्कूलों के निरीक्षण के दौरान बिना पूर्व सूचना के गायब रहने वाले 32828 शिक्षकों के वेतन कटौती की अनुशंसा हुई है। लगभग दस माह 27 हजार 22 शिक्षकों का वेतन काटा गया है। वेतन कटौती में सर्वाधिक संख्या 3884 दरभंगा जिले के शिक्षकों की है। दूसरे स्थान पर नालंदा है, जहां के तीन हजार शिक्षकों की वेतन कटौती हुई है। हालांकि, वेतन कटौती की अनुशंसा सबसे अधिक नालंदा के 3886 शिक्षकों के लिए की गयी है। सबसे कम शिवहर जिले के 57 शिक्षकों के वेतन कटे हैं। शिक्षा विभाग को जिलों से प्राप्त 16 मई तक के ये आंकड़े हैं। निरीक्षण में गायब मिलने वाले शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा जाता है। स्कूलों में निरीक्षण करने गये पदाधिकारी इसकी रिपोर्ट जिले को देते हैं। एक जुलाई, 2023 से नियमित स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है।

**सारण जिले के 1677 शिक्षकों का वेतन कटा :** दरभंगा और नालंदा के बाद सबसे अधिक 1677 शिक्षकों का वेतन सारण जिले में कटा है। औरंगाबाद में 1332, भागलपुर के 1132, नवादा के 1048, सुपौल के 994, पूर्वी चंपारण के 921, अररिया के 918, मधुबनी के 888, समस्तीपुर में 775, बेगूसराय में 756 तथा सीतामढ़ी के 715 वेतन कटा है।

**फरवरी से वेतन के इंतजार में कॉलेजों के शिक्षक :** हैरानी की बात है किए ओर प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनका वेतन काटा जा रहा है वहीं विश्वविद्यालय के शिक्षक वेतन के इंतजार में हैं। हाल में शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को स्वीकृति देने की कार्रवाई करने के पहले इसकी समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर 29 मई तक अलग-अलग विश्वविद्यालयों के प्रस्तावित बजट की समीक्षा विभाग करेगा। इसके बाद ही वेतन-पेंशन राशि जारी करने की तैयारी है। ज्यादातर विश्वविद्यालयों में फरवरी माह से ही वेतन भुगतान नहीं हुआ है। शिक्षा विभाग की ओर से फरवरी, 2024 के बाद से वेतन और पेंशन मद में कोई भी राशि विश्वविद्यालयों को नहीं भेजी गयी है। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे भी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं, जिनका वेतन जनवरी माह से ही नहीं मिला है।

# भारत से बाहर जो गए वे शस्त्र नहीं शास्त्र ले गए, यह हमारी संस्कृति है: राज्यपाल

**गया, एजेंसी।** बुद्ध जयंती के तीन दिवसीय समारोह का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कैंडल जलाकर शुभारंभ किया। इसी मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के विचारों ने कभी विश्व को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध दिया है। बुद्ध का संदेश करुणा-अहिंसा और शांति है। यही वजह है कि भारत से निकले हुए विचार को पूरा विश्व आत्मसात करता है। भारत जो बाहर गए वे शस्त्र लेकर नहीं बल्कि शास्त्र ले गए। यह हमारी संस्कृति का मूल आधार है। बुद्ध के विचारों के बगैर कहीं शांति सम्भव नहीं है। आज विश्व के कई देशों में उथल-पुथल और युद्ध का माहौल है। उन देशों में कुछ और नहीं बल्कि बुद्ध के संदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र से आए बोद्ध श्रद्धालुओं की प्रसंशा की।

### शोभायात्रा निकाली गई

समारोह के शुभारंभ से पहले भगवान बुद्ध की 80 फीट ऊंची प्रतिमा स्थल से शोभायात्रा निकाली गई। राज्यपाल, भिक्षु और भिक्षुणी सभी



आराधना पूजा में जुटे। इस बार भिक्षुओं से ज्यादा विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालुओं की संख्या अधिक है। बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर परिसर के पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में भगवान बुद्ध को नमन करने में लगे रहे। मुख्य पुजारी मंत्र उच्चारण करने में जुटे रहे। इस मौके पर थाईलैंड के काउंसिल जनरल भी मौजूद हैं। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर मौजूद हैं। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राज्यपाल बुधवार देर शाम से बोधगया में हैं।

### शाम ढलते ही महाबोधि मंदिर परिसर का नजारा खासा अद्भुत हो जाता

कालचक्र मैदान में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों के बीच चीवर दान किए जाएंगे। साथ ही संघ दान (भिक्षुओं को भोजन) भी कराए जाएंगे। तीन दिवसीय समारोह में देश-विदेश के 10 हजार बौद्ध श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। अभी इनके आने का दौर जारी है। इनके ठहरने, खाने-पीने और रहने की विशेष व्यवस्था कालचक्र मैदान में की गई है। मन्दिर, मन्दिर परिसर और बोधगया को पंचशील पताकों और लाइटों से सजाया गया है। शाम ढलते ही महाबोधि मंदिर परिसर का नजारा खासा अद्भुत हो जाता है। रंगबिरंगी झिलमिल रोशनियों से महाबोधि मंदिर जगमग हो जाता है। महाबोधि मंदिर के बाहरी दीवार पर पड़ने वाली रोशनी एक तय अंतराल पर रंग बदलती है।

### बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था

बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। दूसरी खास बात यह कि बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और तीसरी महत्वपूर्ण बात बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था। इस वर्ष 2648वां जन्म दिवस का है। ज्ञान का 2631वां वर्ष है और महापरिनिर्वाण का 2568वां साल है। कालचक्र मैदान में बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था की जा रही है। जर्मन टेंट लगाए गए हैं। ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर, कूलर, पंखे और वाटर सप्लाई, बिजली, शौचालय की ठोस व्यवस्था है।

**राज्यपाल के आगमन और ठहराव को लेकर सभी प्रोटोकॉल का अनुपालन :** डीएम और बीटीएमसी के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आगमन पर एसएसपी आशीष भारती ने आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रदेश के राज्यपाल के आगमन और ठहराव को लेकर सभी प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन किया जा रहा है।

# इनर व्हील क्लब मोतिहारी ने देवराहा बाबा चौक पर इनर व्हील का किया ब्रांडिंग

चाणक्यभूमि मोतिहारी



इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन की अध्यक्ष कुमारी अमृता की अध्यक्षता में देवराहा बाबा चौक के पास इनर व्हील का ब्रांडिंग किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष कुमारी अमृता, सचिव पुतुल सिन्हा, ,आई एस ओ नीलम वर्मा, एडिटर आबिदा शमीम, पीपी धीरा गुप्ता, पीपी निशा देवा पीपी आशा सिंह , चार्टर ट्रेजर लोकिता कुमारी, ने मिलकर ऑटो रिक्शा चालकों को इनर व्हील चिन्ह लगा चाबी रिंग, टी-शर्ट एवं इनर व्हील चिन्ह लगा गमछा उपहार स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कुमारी अमृता ने कहा कि इनर व्हील क्लब जो महिलाओं के द्वारा चलाया जाता है एवं समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाती है तथा हर किसी की मदद के लिए हमेशा अग्रसर रहती है। वहीं सचिव पुतुल सिन्हा ने बताया कि हम लोगों को हर वर्ष एक गोल मिलता है जिसके अनुसार हम पूरे साल कार्य करते हैं। इस महीने हम लोगों को अपनी संस्था इनर व्हील का ब्रांडिंग करना है जो आज हम संस्था का चिन्ह लगा सामान उपहार स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए उपस्थित सभी सदस्याओं के साथ मिलकर इनर व्हील चिन्ह लगा स्लोगन सभी ऑटो रिक्शा पर लगाया गया ,जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्लोगन चिपकाए गया। क्लब की एडिटर आबिदा शमीम ने कहा ,कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है।यह तभी सफल होगा ,जब हम सब इसके प्रति जागरूक होंगे इसी उद्देश्य से आज इनर व्हील का स्लोगन" इनर व्हील का नारा है" "पर्यावरण बचाना है" !जिसे सभी ई -रिक्शा पर चिपकाया जा रहा है। जिससे सभी नगरवासी जागरूक हो एवं ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। देवराहा बाबा आश्रम के सचिव एवं समाजसेवी राम भजन जी को पीपी आशा सिंह, एवं पीपी धीरा गुप्ता ने इनर व्हील चिन्ह लगा चाबी रिंग एवं गमछा देकर सम्मानित किया। मंदिर के पुजारी दिलिप जी को पीपी निशा देवा, सीनियर मेंबर उषा कमल, बिंदु गुप्ता ने इनर व्हील चिन्ह लगा चाबी रिंग एवं गमछा देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए संस्था की चार्टर ट्रेजर लोकिता कुमारी ने देवराहा बाबा मंदिर के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, सचिव राम भजन एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मनीषा प्रसाद, सीमा गुप्ता, निशा प्रकाश, नीलम कुमारी, नीलू श्रीवास्तव, रागिनी कुमारी, प्रियंका सिंह, सिमरन विशाल, दीपा गुप्ता, कुमकुमशुक्ला, रंभा श्रीवास्तव, सरिता जयसवाल, तृप्ति सिंह आदि उपस्थित थीं।

## विशालकाय अजगर ने किया बकरे का शिकार

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकि नगर के ई टाईप कालोनी में विशालकाय अजगर के द्वारा बकरे के शिकार करने का मामला प्रकाश में आया है। घर के अहाते चरते समय झाड़ी में बैठे एक बड़े से अजगर के पास जैसे ही बकरा पहुंचा अजगर बकरे की गर्दन में लिपट गया। बकरे के चिल्लाने पर जब तक पशुपालक कृष्णा राम वहां पहुंचता अजगर की मजबूत गिरफ्त में बकरे की दम घुटकर मौत हो चुकी थी। तभी पशुपालक के शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। विशालकाय अजगर पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी तो गांव में हड़कंप मच गया। बकरे का शिकार करने के बाद अजगर इस कदर गुस्से में था कि किसी भी कीमत पर अपने शिकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। यही कारण था कि जब भी ग्रामीण उसे पकड़ने की कोशिश करते वो उलट कर शिकार की तरफ चला जाता मानो वो उसे तुरंत ही खाना चाहता था। ग्रामीणो की तत्परता से अजगर शिकार को छोड़कर जंगल में चला गया। वहीं विशालकाय अजगर के जंगल में चले जाने के बाद ग्रामीणो ने राहत की सांस ली।

## मकान मालिक ने किरायेदार को जबरदस्ती निकाला

चाणक्यभूमि नरकटियागंज

नगर के सोनार पट्टी रोड में मकान मालिक द्वारा किरायेदार को जबरदस्ती बाहर निकलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की सुबह की है। मामले में किराएदार कमलेश कुमार गुप्ता द्वारा शिकारपुर थाने को दिये आवेदन में मकान मालिक पंकज तिवारी समेत अन्य को आरोपित किया गया है।आवेदन में लिखा है कि वह पंकज तिवारी के मकान में फ्लैक्स प्रिंटिंग की दुकान लगभग तीन वर्षों से संचालित कर रहा है और वह किराया भी समय पर देता आ रहा है। गुरुवार की सुबह मकान मालिक ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर सभी सामानों को बाहर सड़क पर फेंक दिया। सूचना पर जब वह पहुँचा तो उसकी दुकान के चार लैपटॉप,एक डेक्सटॉप,एलसीडी प्रिंटिंग मशीन व गल्ले में रखे 36 सौ रुपए गायब थे। जब वह सामान फेंके जाने की बाबत पूछताछ करने गया तब उसके साथ गाली गलौज कर भगा दिया गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में जांच पडताल की जा रही है।उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## खेसारी लाल यादव ने NDA उम्मीदवार सुनील कुमार के लिए मांगा वोट

चाणक्यभूमि योगापट्टी

छठे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत वाल्मीकिनगर सीट पर 25 मई को होने वाले मतदान के लिये भोजपुरी कलाकार खेसारीलाल यादव ने शनिचरी चौक होते हुए लौरिया तक रोड शो किया। इस रोड शो में लौरिया विधायक विनय बिहारी एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार भी शामिल थे । रोड शो में सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। लोगो का हुजूम सड़क के अलावे घरों की छतों पर भी था। लोग खेसारी की एक झलक पाने को बेताब थे। खेसारीलाल यादव ने खुली गाड़ी से ही हाथ हिलाकर लोगो से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। रोड शो के दौरान लगभग आधा किलोमीटर से अधिक दूरी तक लोगो का हुजूम खेसारी के वाहन के साथ चलकर खेसारी को निहारते रहे। खेसारी ने भी हाथ जोड़कर भीड़ का अभिवादन किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद दिखा।






## गुजरात से घर पहुंचा मजदूर का शव प्रशासन से सहयोग ना होने से ग्रामीणों में आक्रोश

चाणक्यभूमि बेतिया

कमाने के लिये गुजरात गये मंझरिया पंचायत के बहरिस्थान गांव निवासी 28 वर्षीय रामप्यारे राम की मौत सूरत में हो गई थी। लेकिन आर्थिक परेशानी की वजह से शव को लाने में असमर्थ दिख रहे थे। परंतु ग्रामीणों और लोगों के सहयोग से बुधवार की देर रात शव घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजन के रोने की आवाज सुन पूरे गांव के लोग एकत्र हो गए। वही गांव की महिलाएं और पुरुष परिजनों को समझाने में लगे रहे। सुबह होते ही परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान मृतक मजदूर के पिता मुन्नर राम ने बताया की बेटे के शव को लाने के लिए उन लोगों के पास पैसा नहीं था। वे लोग प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाए लेकिन किसी भी स्तर पर कोई सहयोग नहीं मिला इससे यह लग रहा था की बेटे का अंतिम दर्शन भी नही हो पाएगा। परिवार की स्थिति को देखते हुए गांव के लोगों और रिश्तेदारों ने शव लाने में उनका सहयोग किया। कुछ कर्ज ले और लोगों के सहयोग से शव को घर लाया जा सका। वही प्रशासनिक उदासीनता पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा की सभी लोग चुनाव में लगे हुए है, जनप्रतिनिधि भी वोट के लिए गांव में आ रहे है लेकिन किसी ने भी संवेदनशीलता नही दिखाई।

## गवाह को पीटा ईलाज के लिये GMCH में भर्ती



चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया में गवाह को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। घायल युवक का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।युवक की पहचान सिरिसया थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर कौवाहां गांव निवासी महंत राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मारपीट मामले में गवाही देने से खफा आरोपितों ने मिश्रौली बाजार चौक के समीप पकड़ीहार स्कूल के पीछे घेर लिया और केस में गवाही देने की बात कहकर जाती सूचक गाली देने लगे और लोहे की रड और लाठी-डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## किराएदार को जबरन दुकान से निकाला



चाणक्य भूमि

नरकटियागंज शहर के सोनार पट्टी मुहल्ला में संचालित एक दुकान के सामानों को मकान मालिक द्वारा फेंक दिए जाने की घटना घटी है। मामले में किराएदार कमलेश कुमार गुप्ता ने शिकारपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।जिसमे मकान मालिक पंकज तिवारी समेत अन्य को नामजद किया है। किराएदार ने बताया कि वह पंकज तिवारी के मकान में फ्लैक्स प्रिंटिंग की दुकान तीन साल से चलाता है। किराया भी समय से देता है। आरोप हैं की दुकान का ताला तोड़कर सभी सामानों को बाहर सड़क पर फेंक दिया।मुहल्ले के लोगो ने सूचना दी।उसकी दुकान के चार लैपटॉप,एक डेक्सटॉप,एलसीडी प्रिंटिंग मशीन व गल्ले में रखे 36 सौ रुपए गायब थे।पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।






## कार्यक्रम में नहीं पहुँचे तेजस्वी यादव समर्थक करते रहे इंतजार

चाणक्य भूमी बैरिया

बैरिया के शहीद भगत सिंह खेल मैदान में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एवं विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी की सभा बृहस्पतिवार को बैरिया में होनी थी । मगर प्रतिकूल मौसम के कारण नही आ सके। दूर-दूर से आए समर्थक मायूस होकर वापस चले गए। कुछ लोगों का कहना है। कि हमारा नेता नहीं आए तो क्या हुआ हम लोग फिर भी समर्थन करते हैं ।कार्यक्रम में हरिशंकर यादव,सुनील कुमार राव,नवीन मुखिया म,सुरेंद्र चौधरी,विधान परिषद के सदस्य सौरभ कुमार,पूर्व चेयर मैन अमर यादव,इंद्रजीत यादव,कमलेश यादव इत्यादि दर्जनो समर्थक मौजूद रहे। हालांकि इस भीषण गर्मी में भी लोगों की जमावड़ा लगी रही सुबह 12:00 से ही लोग शहीद भगत सिंह खेल मैदान में शाम 4:00 तक लोग भूखे प्यासे उसम भरी गर्मी में मौजूद रहे।

## नेताओ द्वारा मतदाताओं को रुपये बांटने का वीडियो वायरल

चाणक्य भूमि बेतिया



विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मतदाताओं को रुपये बांटने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि हमारा अखबार वायरल वीडियो की सच्चाई की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में दिख रहा एक नेता पैसा बांट रहा है जिसके साथ चनपटिया प्रखंड भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष मयंकेश्वर दूबे हाथ में लिए एक लिस्ट के अनुसार बारी बारी से लोगों को बुलाकर उन्हें पैसा दिया जा रहा है। इस बाबत भाजपा नेता मयंकेश्वर दूबे ने बताया कि यह मोदी जी के कार्यक्रम के समय का पुराना वीडियो है। जिसे विरोधीयो द्वारा अब वायरल किया जा रहा है।

इधर इस मामले में अंचलाधिकारी कमलकांत सिंह ने बताया कि सेक्टर पदाधिकारी को उक्त वीडियो की जांच करने को कहा गया है। जाँच में सही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## नीतीश सरकार की जल नल योजना का बुरा हाल-पानी हो रहा बर्बाद

चाणक्य भूमि योगापट्टी

- नीतीश सरकार की जल नल योजना का बुरा हाल विभाग की लापरवाही का नतीजा यह है कि सूचना देने के बाद भी नहीं हो रहा सुधार सरकार की अधिकांश योजना अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ी



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत मच्छरगांवा के वार्ड नंबर 10 में बीते 15 दिनों से नल जल का पानी बर्बाद हो रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है। लेकिन शुद्ध पेयजल यहां पर गड्ढे में जाता हुआ दिख रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वार्ड नंबर 10 के वार्ड पार्षद धर्मनाथ कुमार उर्फ अशोक कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा कई बार संवेदक मनोज राय के पास कॉल किया गया। लेकिन उनके द्वारा एक नहीं सुनी गई। ग्रामीणों ने कहा कि नलजल को सही नहीं किया गया तो हम लोग चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे व इसका लिखित शिकायत जिला प्रशासन से करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में जल के लिए तरस रहे है और इधर जल बर्बाद हो रहा है। आक्रोशित ग्रामीण में रामबाबू कुमार,रंजीत कुमार,पप्पू यादव,धर्मेंद्र कुमार अशोक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।












## बैंक ने मतदाता जागरूकता अभियान निकालकर मतदाताओं को किया जागरुक

चाणक्य भूमि




**बगहा**। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक, सिवान के रीजनल मैनेजर कौशिक कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली प्रशासनिक कार्यालय से शुरू हुई जो सिवान के हर मुख्य चौक चौराहे तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को बैनर और पोस्टर के सहारे मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया । मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा, चुनाव का पर्व देश का गौरव जैसे नारे लगाए गए । लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर आने के लिए लोगों से बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया । इस रैली में अभय नारायण, एचआर मैनेजर मनोज कुमार श्रीवास्तव, मुन्ना कुमार, निशीकांत कुमार वर्मा, दिवाकर पटेल,अभिषेक कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्यों में भाग लिया।

## 28 लीटर शराब समेत धंधेबाज गिरफ्तार

चाणक्यभूमी बैरिया

स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग अलग जगहों से 28 लीटर शराब समेत तीन धंधेबाजों को रंग हाथो धर दबोचा।वही तस्करी के प्रयोग में लाई जा रही दो बाईक भी जप्त की है।थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की पुलिस ने भवानीपुर निवासी राजकिशोर सिंह व गुड्डू कुमार के पास से 18 लीटर देशी शराब समेत दो बाईक जप्त की है , वही कोहड़ा बिन टोली निवासी सुभाष राम के पास से 10 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के जेल भेज दी है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714